दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 197 मुरादाबाद 14 November 2022 (Monday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## अयोध्या में चार दिवसीय रामायण मेला 27 से, सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया पोस्टर का लोकार्पण

रामनगरी अयोध्या में दीपोत्सव की तरह ही 41वां रामायण मेला की भव्य तरीके से मनाने की तैयारी की जा रही है। अयोध्या में 41वां रामायण मेला 27 से 30 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। अयोध्या में रामायण मेला करीब दो वर्ष बाद काफी धूमधाम से आयोजित कराने की तैयारी की जा रही है। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या में परंपरागत तरीके से होने वाले 41 वें रामायण मेले के द्वितीय दिवस के कार्यक्रम पोस्टर ( आवरण छवि ) का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर सम्पन्न इस कार्यक्रम में रामायण मेला समिति के सदस्य भी थे। रामायण मेला समिति के संयोजक आशीष कुमार मिश्र ने बताया कि आज सीएम योगी आदित्यनाथ ने जिस पोस्टर का लोकार्पण किया है, उसमें रामायण मेला में होने वाले द्वितीय दिवस के कार्यक्रम के क्रम में राम बारात आगमन, पांव पूजन की रस्म, चारों भाइयों का अग्नि का फेरा और सभी वर वधु का ऋषियों से आशीर्वाद प्राप्त करने की लीला को दर्शाया गया है। इस आवरण छवि को उकेरने का कार्य वैष्णवी गुप्ता एवं प्रिया गुप्ता ने किया। उन्होंने बताया कि आवरण छवि में भारतीय लोक कला पर आधारित अवध की लोककला को



प्रदर्शित किया गया है। इससे पहले कल पहला पोस्टर श्री राम जन्मभूमि के गर्भगृह से लोकार्पित किया गया था। रामनगरी अयोध्या में चार दिवसीय 41वां रामायण मेला 27 से शुरू हो कर 30 नवंबर तक चलेगा। इस वर्ष इसको और भव्य स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। इस बार सीएम योगी आदित्यनाथ को मेला के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। रामायण मेला समिति के पदाधिकारियों में किए गए परिवर्तन के साथ नए सिरे से रामायण मेला के बेहतरीन आयोजन की पहल शुरू की गई है। रामायण मेला में इस वर्ष देश के प्रमुख स्थानों से विद्वान संतों को आमंत्रित किया गया है। जो राम कथा के विविध पहलुओं पर स्तरीय प्रवचन करेंगे। अयोध्या में दीपोत्सव, फिल्मी कलाकारों की रामलीला, अनवरत रामलीला व अन्य कार्यक्रमों के साथ राम विवाह के अवसर पर वर्षों से आयोजित हो रहा रामायण मेला भी आकर्षक का केंद्र बने, इसके लिए काफी तैयारी की गई है।

### पूर्व सीएम श्रीपति मिश्र ने 1982 में शुरू किया था रामायण मेला

अयोध्या में रामायण मेला की शुरुआत 1982 में यूपी के तत्कालीन सीएम स्वर्गीय श्रीपति मिश्र ने की थी। उन्होंने उद्घाटन सत्र में ही राम की पैड़ी प्राजेक्ट की घोषणा की। पहले रामायण मेला में लगातार चार दिन मंत्रियों ने अलग-अलग विकास योजनाओं का ऐलान किया जो इस समय की विकास योजनाओं में प्रमुख हैं। रामायण मेला में ही परिक्रमा मार्ग को पक्का करवाने, सरयू तट का नया घाट से लेकर गुप्तारघाट तक विस्तार व सांस्कृतिक विकास के लिए राम कथा पार्क के निर्माण की घोषणा कर उन पर काम शुरू किया गया था। 1980 के दशक में रामायण मेला का आकर्षण चरम पर रहा। इसी मेला में श्रीलंका, कोरिया, मलेशिया सहित कई देशों की रामलीला का मंचन किया गया जो विशेष आकर्षण का केन्द्र रहीं।

## इंग्लैंड बना दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप का चैंपियन, वेस्टइंडीज की बराबरी की




मेलबर्न के ऐतिहासिक मैदान खेले गए फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हरा दिया है। इंग्लैंड के सामने 138 रन का लक्ष्य था जो उसने 19 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। बेन स्टोक्स, इंग्लैंड की जीत के हीरो रहे जिन्होंने सर्वाधिक 52 रन बनाए और अंत तक आउट नहीं हुए। स्टोक्स के अलावा जोस बटलर ने 26 रन की पारी खेली। इससे पहले पाकिस्तान की टीम ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट के नुकसान पर 137 रन बनाए थे। पाकिस्तान की तरफ से सर्वाधिक 38 रन की पारी शान मसूद ने खेली। उनके अलावा बाबर आजम ने 32 रन की पारी खेली। इंग्लैंड की तरफ से सैम करन ने 3 विकेट लेकर पाकिस्तान की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी।

### वेस्टइंडीज के साथ की बराबरी

इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने 2 बार टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया है और उसने इस मामले में वेस्टइंडीज की बराबरी कर ली है। इससे पहले इंग्लैंड ने पॉल कॉलिंगवुड की कप्तानी में 2010 में ऑस्ट्रेलिया को 7 विकेट से हराकर पहली बार टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। यह वर्ल्ड कप वेस्टइंडीज में आयोजित किया था। वह ऐसा करने वाली पहली नॉन एशियन टीम बनी थी।

### वेस्टइंडीज है दो बार की चैंपियन

इससे पहले यह कारनामा केवल वेस्टइंडीज ने किया था। वेस्टइंडीज की टीम ने 2012 और 2016 में यह ट्रॉफी अपने नाम की थी। श्रीलंका में आयोजित इस वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज ने मेजबान देश को 36 रन से हराया था। 2016 में वेस्टइंडीज दोबारा चैंपियन बनी और उसने फाइनल में इंग्लैंड टीम को हराया। यह वर्ल्ड कप भारत में आयोजित हुआ था।

## महिला ने कुत्ते के बच्चे को जन्म दिया! यूपी की 65 साल की बुजुर्ग का अजीबो-गरीब दावा

यूपी के बदायूं से अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। यहां की रहने वाली एक बुजुर्ग महिला ने कुत्ते की बच्चे को जन्म दिया है। इस खबर ने सबको हैरत में डाल दिया है। जिसने भी यह खबर सुनी है सभी हैरान रह गए हैं। डॉक्टरों के अनुसार यह पूरी तरह से अंधविश्वास है, लेकिन गांव के इस परिवार का दावा है कि उनके घर की 65 वर्षीय महिला ने अपने गर्भ से कुत्ता के बच्चे को जन्म दिया है। महिला का दावा है कि कुत्ते के बच्चे के जन्म से पहले उसके सपने में भैरव



बाबा आए थे, उन्होंने कहा था कि वह उनके गर्भ से कुत्ते के बच्चे के रूप में जन्म लेंगे। मामला बदायूं जिले के सहसवान तहसील क्षेत्र के जामुनी गांव का है। गांव निवासी लोंगश्री की उम्र 65 साल है। उनके तीन बेटियां है। सभी की शादी हो चुकी है। महिला के दावा के मुताबिक, 17 साल से उनके पेट में एक गांठ थी। जब वह सोती थी तो उनके स्वप्न में भैरव बाबा दिखायी देते थे। भैरव बाबा कहते थे कि वह एक दिन कुत्ता के बच्चे के रूप में उनके गर्भ से जन्म लेंगे। महिला और उसके पति का दावा है कि सात नवबंर को महिला ने पिल्ला को जन्म दे दिया। इसके बाद महिला के घर लोगों की भीड़ जुटने लगी।

महिला के पति मुंशीलाल ने बताया की उनकी तीन बेटियां है। वह अपने अपने ससुराल में रहती है। जबकि वह और उनकी पत्नी एक साथ रहती है। हालांकि खबर पूरी तरह से अफवाह बताई जा रही है। भ्रामक खबर फैलने के बाद सोशल मीडिया से जुड़े मीडिया कर्मी महिला के घर पहुंचने लगे। जहां महिला की गोद में विकसित पिल्ला दिखा। महिला के दावे में कितनी हकीकत है, यह प्रशासनिक जांच के बाद ही साफ हो सकेगा। वहीं डॉक्टरों ने भी इसे अंधविश्वास की बताया है। डॉक्टरों ने कहा कि ऐसा हो नहीं सकता। मामले की जांच कराई जाएगी।

# अस्पताल में मौजूद मरीजों से मिलकर जाना उनका कुशलक्षेम

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती प्रदेश के मा0 सदस्य अल्पसंख्यक आयोग सम्मान आफरोज खान ने संयुक्त जिला अस्पताल पहुंचकर डेंगू से बचाव हेतु तैयारियों का जायजा लिया,इस दौरान माननीय सदस्य ने कहा कि वर्तमान में डेंगू बुखार का खतरा बढ़ रहा है।इसलिए लोगों को अब बहुत सजग रहने की आवश्यकता है।इसके लिए डेंगू से बचाव हेतु लोगों को जागरूक कर साफ-सफाई रखने हेतु प्रेरित किया जाए,ताकि किसी भी दशा में डेंगू का संक्रमण बढ़ने न पावे।मा0 सदस्य ने अस्पताल में निरीक्षण के दौरान अस्पताल में मौजूद मरीजों से मिलकर उनका कुशलक्षेम भी जाना और डॉक्टर द्वारा मरीजों को चिकित्सीय सुविधा का भी निरीक्षण कर जायजा लिया।इस दौरान मा0 सदस्य ने सभी चिकित्सकों को निर्देश



दिया,कि प्रत्येक मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएं और मरीजों के साथ बेहतर व्यवहार किया जाएज़निरीक्षण के दौरान मा0 सदस्य ने डेंगू वार्ड,इमरजेंसी,लेबर रूम,ओपीडी,एसएनसीयू एवं पैथालॉजी आदि का निरीक्षण किया,इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एस0पी0 तिवारी,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 जेता सिंह,मा0 सदस्य के जनसम्पर्क अधिकारी माता प्रसाद वर्मा माता प्रसाद वर्मा सहित समस्त चिकित्सकगण/पैरामेडिकल कर्मी उपस्थित रहे।

# गांव में विवाहित बहन के यहां आए भाई ने बहन की ननद के साथ जबरन दुष्कर्म किया

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- थाना क्षेत्र के गांव में विवाहित बहन के यहां आए भाई ने बहन की ननद के साथ जबरन दुष्कर्म किया। किशोरी के गर्भवती होने पर भाभी ने मायके लेजा कर गर्भपात कराने का प्रयास किया मामले में किशोरी के पिता की तहरीर महिला सहित तीन के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। किशोरी को दी जान से मारने की धमकी -किशोरी के पिता ने बताया कि उसके बेटे की शादी अकराबाद थाना क्षेत्र के नगरिया पटटी चाहरम निवासी शालिनी के साथ हुई थी। बताया कि तीन अक्टूबर को शालिनी का भाई लोकेश राघव बहन के मिलने आया था। जिसने अपनी बहन की सहमती से घर पर अकेली 17 वर्षीय बेटी के साथ धमकाकर दुष्कर्म किया तथा मुंह खोलने पर उसे जान से मार डालने की धमकी देकर चला गया। भयभीत किशोरी चुप रही। दवा खिलाकर गर्भपात का प्रयास- आरोप है कि किशोरी को गर्भवती होने पर एक माह बाद बहू शालिनी 35 हजार रुपये व जेवर लेकर किशोरी को अपने गांव बुला ले गई, जहां उसे दवा खिलाकर गर्भपात कराने का प्रयास किया गया। किशोरी की तबियत बिगड़ने पर गांव का सरवन कुमार व शालिनी रात नौ बजे घर पर छोड़कर भाग गए। किशोरी को घर लाते वक्त सरवन पर भी छेड़छाड़ कराने का आरोप लगाया गया है। नामजद की तलाश में जुटी पुलिस- मामले में शालिनी, लोकेश व सरवन के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज किया गया है। एसएचओ बृजपाल सिंह ने बताया कि किशोरी को मेडीकल परिक्षण के लिए भेज दिया है। नामजदों की तलाश में पुलिस जुट गई है।

# अप्रेंटिसशिप अभ्यर्थियों के लिए मेले का होगा आयोजन,आईटीआई व कौशल विकास योजना के उत्तीर्ण अभ्यर्थी होंगे शामिल

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती आईटीआई में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके अभ्यर्थियों को अप्रेंटिसशिप कराई जाएगी। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला (पीएमएनएएम) योजना के तहत 14 नवंबर को अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक का विभागवार लक्ष्य आवंटित किया है।

उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। प्रधानाचार्य आईटीआई ने बताया कि नोडल संस्थान राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मेले का आयोजन किया जाएगा।

जिसमें राजकीय एवं निजी आईटीआई के उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थी व कौशल विकास योजना से उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग लेंगे। उनको मेले में रोजगार प्रदान कराया जाएगा।

www.knlslive.com

# अलग अलग हुए एक्सीडेंट में 4 की हालत गंभीर एक की मौत



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-अकराबाद- पनेठी गंगीरी रोड पर रविवार की सुबह करीब आठ बजे शेखा झील के निकट एक ट्रक ने बाइक में टक्कर मारदी। हादसे में बाइक सबार मां बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा है। कौशल पुत्र राजकुमार निवासी भटौला बाइक पर अपनी मां सुशीला देवी को लेकर फरीदाबाद से लौटकर अपने घर वापस आ रहा था।अचानक शेखा झील के निकट बाइक ट्रक से टकरा गयी । जिसमें दोनों मां बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना होते ही ट्रक ड्राइवर व क्लीनर मोके से फरार हो गए।राहगीरों की सूचना पर पनेठी से पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर घायलों को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा वही दो का इलाज निजी हॉस्पिटल न्यू आराध्या में चल रहा है

# युवक की मौत में पत्नी समेत 4 पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस

मुरादाबाद -मुरादाबाद। सिविल लाइंस पुलिस ने युवक की मौत के मामले में उसकी पत्नी समेत चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। यह मुकदमा बहन की तहरीर पर डेढ़ माह बाद दर्ज हुआ है। थाना सिविल लाइंस के आदर्श कालोनी निवासी परमेंद्र प्रकाश उर्फ टोनी की 29 सितंबर को मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम में जहर से मौत की पुष्टि हुई थी। इस मामले में परमेंद्र प्रकाश की बहन सोनी की तहरीर पर पुलिस ने उसकी पत्नी मीनाक्षी, ससुर राजकपूर, सास द्रौपदी उर्फ तौफा और साले अमित के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कराया है। सोनी के अनुसार उसके भाई परमेंद्र प्रकाश की शादी तलाकशुदा महिला मीनाक्षी से हुआ था। आरोप लगाया कि शादी के बाद से मीनाक्षी परमेंद्र को परेशान कर रही थी। 29 सितंबर को सुबह करीब साढ़े दस बजे मीनाक्षी, उसके माता-पिता और भाई ने परमेंद्र से कहा कि अपनी चल-अचल संपत्ति मीनाक्षी के नाम कर दे। परमेंद्र ने ऐसा करने से मना किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर दी। आरोपियों की प्रताड़ना से तंग आकर परमेंद्र प्रकाश ने आत्महत्या कर ली। सोनी ने दावा किया कि उसके पास वीडियो क्लिप भी मौजूद रहे। इस संबंध में एसएचओ सिविल लाइंस गजेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएगा उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**अन्य खबरों के लिए देखे**
WWW.KNLSIVE.COM

# निशुल्क बीज का वितरण किया गया

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-कृषि विभाग ने जय बद्री विशाल फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी के सहयोग से बाढ प्रभावित गांव के किसानो को लाही व मसूर के बीज का निशुल्क वितरण किया गया। तहसील जमुनहा के बाढ प्रभावित ग्राम पंचायत कथरा माफी के मजरा घाटेपुरवा मे आयोजित शिविर मे लगभग 40 किसानो को लाही, मसूर



के साथ खेतो मे पराली के समाधान के लिए डी कम्पोजर का निशुल्क वितरण किया गया। जिला कृषि अधिकारी अवधेश कुमार यादव, जिला भूमि संरक्षण अधिकारी शिशिर कुमार वर्मा, एडीओएजी जमुनहा रामनरेश वर्मा, टीटूराम, अनुज कुमार, कम्पनी के डायरेक्टर रविन्द्र नाथ वर्मा ऊर्फ पिन्टू सहित काफी संख्या मे किसान मौजूद थे।

www.knlslive.com

# Azam Khan के गढ़ में पहली बार हुआ पसमांदा मुसलमानों का बड़ा सम्मेलन, मुसलमानों के करीब पहुंची भाजपा



मुरादाबाद-भारतीय जनता पार्टी चुनाव के बहाने मुस्लिम मतदाताओं के करीब पहुंच रही है। रामपुर में पहली बार पसमांदा मुसलमानों का बड़ा सम्मेलन हुआ है, इससे भाजपा नेताओं की उम्मीद और बढ़ी है। लोकसभा उपचुनाव में भी रामपुर में मुसलमानों ने भाजपा का साथ दिया था। भाजपा चाहती है कि विधानसभा उपचुनाव में भी मुस्लिम मतदाता उसके साथ रहे। उपचुनाव के लिए भाजपा की तैयारी तेज- विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, लेकिन अभी तक किसी भी पार्टी ने प्रत्याशी घोषित नहीं किया है, फिर भी भारतीय जनता पार्टी चुनावी तैयारियों सबसे आगे हैं। वह लगातार मीटिंग कर रही है। गुरुवार को उसने पसमांदा समाज का सम्मेलन भी कराया, जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाएं भी शामिल हुईं। किसी दल ने नहीं घोषित किया उम्मीदवार- रामपुर की सियासत में लंबे समय से सपा के दिग्गज नेता आजम खां का दबदबा रहा है। वह 10 बार यहां से विधायक चुने गए हैं। लेकिन 27 अक्टूबर को भड़काऊ भाषण मामले में तीन साल की सजा होने से उनकी विधायकी चली गई और अब यहां उपचुनाव हो रहा है। आजम खां खुद तो चुनाव नहीं लड़ सकेंगे, अब किसे लड़ाएंगे, अभी यह तय नहीं हो सका है। कांग्रेस ने उपचुनाव में प्रत्याशी उतारने से मना कर दिया है, जबकि बसपा ने अभी पत्ते नहीं खोले हैं। भाजपा ने भी प्रत्याशी घोषित नहीं किया है, लेकिन उसकी तैयारियां तेजी से चल रही हैं। शनिवार को उसने यहां पसमांदा समाज का सम्मेलन कराया, जिसमें उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, कृषि राज्यमंत्री बल्देव सिंह औलख, राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी भी शामिल हुए। सम्मेलन में आसपास के जिलों से भी लोग आए। मुस्लिम महिलाएं भी बड़ी संख्या में मौजूद रहीं। इससे भाजपा के तमाम नेता खुश हैं।सबसे बड़ा सम्मेलन हुआ- भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदोशाध्यक्ष कुंवर बासित अली का कहना है कि अल्पसंख्यक मोर्चा का रामपुर में देश का सबसे बड़ा सम्मेलन हुआ है। सम्मेलन में जितनी बड़ी संख्या में लोग आए, उससे साफ हो गया है कि मुसलमान अब भाजपा के साथ तेजी से जुड़ रहा है। अब हमारा लक्ष्य रामपुर में उपचुनाव जीतना है।

# एक रंगारंग सांस्कृतिक मनोरंजक उत्साह से भरपूर एक आयोजन करने का संकल्प लिया



अफाक हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-हमारी महिला संस्था द्वारा हर साल की भाती इस साल भी बाल दिवस के उपलक्ष में ग्रुप सदस्या एवं उनके परिवार जन बच्चो के साथ एक रंगारंग सांस्कृतिक मनोरंजक उत्साह से भरपूर एक आयोजन करने का संकल्प लिया। इसी क्रम में सभी ग्रुप सदस्य आज एक एमडीए स्थित मॉल में एकत्रत हुए। किड्स जोन में बच्चे अपनी दादी मां मम्मी एवं परिवार जन के साथ बड़ी गरम जोशी से खेल कूद गेम्स चुटकुले जोक्स में हिसा लिया बाल दिवस समारोह में बच्चो ने रेस , कार ड्राइव बाइक राइड ट्रेन राउंड्स मिक्की जंपिंग गेम्स का लुत्फ उठाया। आयोजन के दौरान अध्यक्षा श्रीमती नेहा मेहरोत्रा ने सभी ग्रुप सदस्य एवं परिवार जन को बाल दिवस बधाई दी।एवं बच्चो के उज्वल भविष्य की कामना की। आयोजन के दौरान मानसी प्रियंका गोयल निधि अदिति एकता अपर्णा संजना गौरी तान्या नेहा गुप्ता ईशा सिंह प्रिया आर्या आदि मौजूद रहे।

# भीड़-भाड़ वाले इलाकों में हेलमेट का चालान नहीं होना चाहिए

मुरादाबाद -मुरादाबाद। रविवार को व्यापारी सुरक्षा फोरम की एक बैठक प्रेम चुनरिया स्टेशन रोड पर हुई। वक्ताओं ने पुलिस-प्रशासन से मांग की कि भीड़-भाड़ वाले इलाकों में हेलमेट व सीट बेल्ट का चालान नहीं होना चाहिए। व्यापारी प्रशासन का सहयोग करने के लिए तैयार हैं। व्यापारी स्मार्ट सिटी का विरोध नहीं कर रहे। व्यापारियों की भी समस्याओं का समाधान होना चाहिए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरज बंसल ने कहा की व्यापारी मंगल के बाजार से काफी परेशान हैं। इसका स्थाई समाधान होना चाहिए। संदीप बजाज ने कहा कि मुख्य बाजारों में यातायात की बहुत समस्याएं हैं। आए दिन पुलिस द्वारा व्यापारियों के हेलमेट को लेकर चालान काट दिए जाते हैं। इस पर रोक लगाई जानी चाहिए। नितिन राज ने कहा की विद्युत व्यवस्था मुख्य बाजारों की चरमरा गई है। इस ओर संबंधित विभाग के लोगों को ध्यान देना चाहिए। उपाध्यक्ष बीके शर्मा जी ने कहा कि स्टेशन रोड पर जो 13 खोखे नगर निगम द्वारा स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत उखाड़े जा रहे हैं, पहले उनको विस्थापित किया जाए। अंकुर अग्रवाल ने कहा कि शासन प्रशासन व्यापारियों की समस्याएं सुने हुआ उसका सहानुभूति पूर्वक निस्तारण करे। व्यापारी सहयोग करने को तैयार हैं। अशोक गोयल ने कहा कि किसी भी व्यापारी का कोई नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। इस अवसर पर विजय मदान, अजय नारंग, सतीश अरोड़ा आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# पति की मौत के बाद ससुरालीजनों पर प्रताड़ना का आरोप, कोतवाली में हंगामा



मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा में पति की मौत के बाद ससुरालीजनों पर महिला ने उत्पीड़न का आरोप लगाया है। रविवार को कोतवाली पहुंची महिला ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान उसने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने दोनों पक्षों को कुछ दिन का समय देकर घर भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव ईसापुर निवासी सुनीता ने रविवार को कोतवाली पहुंचकर बताया कि उसका विवाह क्षेत्र के गांव सुंदरनगर भूतखेड़ा निवासी प्रदीप कुमार पुत्र गोविंद सिंह के साथ हुआ था। कोरोना काल के दौरान उसके पति की मौत हो गई। इसके बाद ससुराल वालों ने उसे पीटकर घर से निकाल दिया। साथ ही दहेज का सामान और साढ़े तीन लाख रुपये अपने पास रख लिए। उधर, ससुरालीजनों का कहना है कि उन्होंने दहेज का सारा सामान और 21 हजार रुपये देकर सुनीता को विदा किया था। कोतवाली पुलिस ने ससुराल पक्ष को भी तलब किया तो दोनों पक्षों में हंगामा होने लगा। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझौते के लिए कुछ दिन का समय देकर घर भेज दिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि समझौता न होने की दशा में मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# अंडर 15 आयु वर्ग में बालिकाओं की क्रिकेट प्रतियोगिता होगी

मुरादाबाद -अंडर 15 आयु वर्ग में बालिकाओं की क्रिकेट प्रतियोगिता होगी। इसकी तैयारियां शुरू हो गईं हैं। यूपीसीए से पत्र आने के बाद डीएसए सचिव एवं पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता ने इसके लिए नाम मांगें हैं। डीएसए सचिव ने बताया कि 16 नवंबर को अंडर 15 बालिका वर्ग में क्रिकेट के ट्रायल होंगे। प्रतियोगिता की तिथि बाद में घोषित की जाएगी। जो भी अंडर 15 आयु वर्ग की खिलाड़ी हैं, जो टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। वह पहले अपने नाम 16 नवंबर तक कोच बदरुद्दीन को उपलब्ध करवाएंगे। इस प्रतियोगिता में 1 सितंबर, 2007 से 31 अगस्त, 2009 के बीच जन्मे खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे। यूपी क्रिकेट एसोसिएशन सभी जोन में इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रही है। इससे महिला क्रिकेट को बढ़ावा मिलेगा। 20 नवंबर तक यूपीसीए को नाम भेज दिए जाएंगे। यूपीसीए के सीईओ अंकित चटर्जी के पत्र के बाद जिले की क्रिकेट एसोसिएशन सक्रिय हो गई हैं।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख ,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

### Team India's shameful defeat

Win-loss is a decisive and definite condition in any sport. If a team is playing in the World Cup and has made it to the last four, then it is certain that only two teams will play the title final. Cricket team India is the 'number one' team in the world in the T20 game and was also the highest in its group in the World Cup, so 140 crore people of the country could more or less dream that they will face England in the semi-finals. There will be competition and the final will be between the teams of India and Pakistan. We are not questioning the players and management just because Team India suffered a 'shameful defeat' in the semi-finals. Cricket management will also look into our questions, we don't mind this. Cricket lovers across the country are upset and disappointed, more or less this reaction will definitely reach the cricket board. In fact, some major lapses have been repeated repeatedly and we are not ready to learn from them. That is why the feeling of sadness, anger and pain is deep. The young players of Team India had won the series by defeating the cricket of those countries on the land of Australia, England and Sri Lanka. Team India is not the supreme team on paper. The team that won the first World Cup of T20 cricket in 2007 was also a very young team under the leadership of young captain Mahendra Singh Dhoni. Now we have experienced cricketers like Rohit Sharma, Virat Kohli, Ashwin, Bhuvneshwar, Pant and Karthik, KL Rahul has earned the honor of 'best batsman' in IPL with tons of hundreds, there is explosive batsman like Hardik Pandya who has scored runs. Earned a respectable position by reaching Team India's score of 168, but Team India proved to be a fuss in front of England's batting. England's openers scored 170 runs without losing any wicket. There were also four overs left. Similarly, in the 2021 World Cup, Pakistan's openers did not lose any wickets and defeated India in the initial stages itself. India is the only team to lose by 10 wickets in the World Cup. Is our pace and spin bowling completely hollow? Why didn't captain Rohit Sharma give Arshdeep more chances when he was in the race for supremacy with 10 wickets in the World Cup? A very important question has been raised by world champion players like Kapil Dev, Gavaskar and Harbhajan Singh that why wrist spin bowler Yuzvendra Chahal was kept in the seat? Ashwin's off-spin bowling was not proving effective as he failed to spin the ball. which was completely one-sided. This Kasak will sting for a long time. Can we accept such poor performance by the 'number one' team? Never, because the average taxpayer pays crores of rupees to the players in exchange for cricket. Significantly, the Indian Cricket Board gives a contractual remuneration of Rs 7 crore annually to players like Rohit, Virat and Bumrah and Rs 5 crores annually to most of the players. The remuneration for playing each Test, ODI and T20 match is different. This money is raised through the taxpayer of the country. This country itself gives the status of 'God', hero to the players, so the feelings of the country related to cricket can be understood. Such an honor or remuneration is not available to a player of any other sport, while he has also won matches at the world level. However, great cricketers like Kapil Dev and Gavaskar have suggested at this stage that the board will have to take some tough decisions. Players who have been constantly laggy, they should be replaced.

## 'Sudhar ja orna samudhar dunga', Urfi Javed said on Hindustani Bhau's threat - to a girl half her age..

Urfi Javed, who has become an internet sensation for her fashion, has been targeting some or the other on social media for the last few days. After 'Anupama' fame actor Sudhanshu, comedian Sunil Pal, now the name of 'Bigg Boss 1' 3's contestant Hindustani Bhau has been added to this list. Everyone has a problem with the kind of clothes that Urfi Javed wears. Not only this, Hindustani Bhau has threatened to reform them. Although Urfi is also not one of those who sit silent and he has reacted on social media.



Hindustani Bhau's new drama- Rafi Javed is almost in discussion for his bold clothes. She manages to grab the attention of the paparazzi with her fashion sense. Hindustani Bhau has uploaded a video regarding her clothes, threatening that the kind of clothes she wears is not part of Indian culture. Hindustani Bhau said, 'Urfi Javed is considering himself a big fashion designer. Son, today you are roaming outside wearing clothes, in the name of fashion, this is not a custom of India, it is not a culture. Because of you, a very wrong message is being sent to the sisters and daughters of India. So improve or else I will improve. Urfi-Urfi got angry after being threatened and shared Hindustani Bhau's video on Insta Story. She says the way he abuses is the custom of the country. How many people have been corrected by his abuses. Urfi further says that she does not know how to improve but also deteriorate. Urfi wrote, 'Now you are openly threatening me. You know I can put you behind bars but haven't you been gone a million times already? This is such a good message for youths to go to jail, openly threatening girls half their age.' Disclosure on Hindustani Bhau- Urfi also revealed that a few months ago Hindustani Bhau tried to contact her that He wants to help them in some matter so that they get some publicity. Urfi writes that these were the clothes at that time. Everything was fine then.

## Shilpa Shetty arrives in Varanasi to visit Baba Vishwanath, shares beautiful video while performing Ganga Aarti

Bubbly actress Shilpa Shetty is one of the top actresses of Bollywood. Along with her glamorous photos, she keeps sharing traditional photo-videos on social media. Whether it is a festival or any other function, Shilpa Shetty, dressed in traditional attire, celebrates every occasion in a traditional way. These days the actress is in Kashi, the city of Mahadev. It is said that if you came to Varanasi and did not attend the Ganga Aarti, then did you enjoy the beauty of Khak Kashi? Realizing this, the actress participated in the Ganga Aarti of Kashi. His mother was also present with him. Shilpa Shetty participated in Ganga Aarti- Shilpa Shetty visited Baba Vishwanath Temple in Kashi and also marked her attendance at Dashashwamedh Ghat. She attended the Ganga Aarti and shared its video on social media.



Shilpa's devotion has surprised many fans. One user commented, 'I love that Shilpa Shetty being a celebrity is keeping our culture alive. Also inspires many others to follow it. Some would call it pretentious, well, but at least she's doing something. Otherwise everyone else is following the western civilization. He is the perfect example of how to be modern with a traditional life. Many fans are happy to see Shilpa Shetty in the city of Shiva. One user wrote that Banaras is the most divine and holy place in the world. Hail Mahadev Hail Mother Ganga.

# महामना की 76वीं पुण्यतिथि, हिंदू महासभा ने किया नमन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-महामना की 76वीं पुण्यतिथि, हिंदू महासभा ने किया नमन अयोध्या बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी, प्रसिद्ध शिक्षाविद, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, अधिवक्ता, लेखक, और समाज सुधारक, हिंदू महासभा के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा भारत रत्न से विभूषित महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की 76वीं पुण्यतिथि के अवसर पर हिंदू महासभा द्वारा अयोध्या लक्ष्मण घाट स्थित नया शीश महल मंदिर में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देकर नमन किया गया, इस अवसर पर हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि कहा संस्कृत भाषा के प्रकांड पंडित बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक मालवीयजी सत्य, ब्रह्मचर्य, व्यायाम, देशभक्ति तथा आत्मत्याग में अद्वितीय थे। इन समस्त आचरणों पर वे केवल उपदेश ही नहीं दिया करते थे अपितु स्वयं उनका पालन भी किया करते थे।

हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष कथावाचक महान्त रामलोचन शरण शास्त्री राजन बाबा ने कहा कि महामना सच्चो अर्थों में तपस्वी थे। सात्विक तप के सारे पक्ष उनमें विद्यमान थे। श्रीमद्भगवतगीता में वर्णित कायिक, वाचिक और मानसिक तप के वे साधक थे। महामानव को पुष्पांजलि देने वाले लोगों में प्रमुख रूप से रोहन पांडेय, प्रिंस दुबे, आयुष मिश्रा, किशन सिंह राजपूत, राम ललित दास, मोनू गुप्ता ,तथा ओमप्रकाश दास आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे

# परिवार से बिछडा मासूम का खाकी बनी सहारा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-परिवार से बिछडा मासूम का खाकी बनी सहारा। एटा- ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना मलावन पुलिस द्वारा रास्ता भटके मासूम बच्चे को अथक प्रयास के बाद परिजनों से मिलाया गया। थाना मलावन पुलिस को एक 11 वर्ष बच्चा सैथरी चौकी के पास रेस्ट ऐरिया पर मिला था जो अपने घर का रास्ता भटक गया था तथा अपना नाम राहुल पुत्र श्री ओमप्रकाश नि0 अचलपुर थाना मिरहची जनपद एटा बताया था, जिसके बाद थाना मलावन पुलिस द्वारा उनके संबंध में सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों से जानकारी कर परिजनो को जानकारी देकर थाना मलावन बुलाया गया था,थाना मलावन पुलिस द्वारा बच्चे को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। बच्चे को वापस पाकर परिजनों द्वारा प्रसन्नता प्रकट की गयी और एटा पुलिस द्वारा किए गए इस कार्य की परिजनों तथा उपस्थित अन्य लोगों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

# पूर्व महानगर अध्यक्ष ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ दीनदयाल अस्पताल का दौरा किया मरीजों से मिले

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने अपने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ दीनदयाल अस्पताल का दौरा किया इमरजेंसी से लेकर डेंगू के मरीजों तक सभी विभागों का दौरा किया भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने सभी बागों में सभी मरीजों से मुलाकात की हालचाल जाना कोई परेशानी तो नहीं अस्पताल की तरफ से सभी मरीजों से पूछताछ की सफाई व्यवस्था देगी हर बार में गए डेंगू के मरीजों से भी पूछताछ हुई जानकारी हासिल की ट्रीटमेंट सही चल रहा है नहीं इस तरह से भी मरीजों से पूछा गया भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह को 2 मरीजों की शिकायत मिली ऑक्सीजन कि उनके तुरंत ऑक्सीजन लगवाई गई सभी भागों में तैनात स्टाफ से मरीजों को सही देखभाल करने के लिए कहा गया कोई शिकायत नहीं मिलनी चाहिए दीनदयाल अस्पताल की सारी व्यवस्थाएं देखी दो तीन शिकायतें मिली बाकी सब कुछ ठीक मिला हर मरीज से मिले प्रतिनिधिमंडल में चंद्रमोहन सारस्वत संतोष तिवारी गांधीनगर सिद्धार्थ पंडित विष्णुपुरी पिंकी शर्मा अनीता चौहान साथ में थे




मौजूद रहे तू पूरा स्टाफ अस्पताल का मौजूद रहा सीएमएस जिले से बाहर होने के कारण नहीं आ सके

# समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने दिया ज्ञापन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज के सिढ़पुरा से एटा के ओनघाट एटा मुख्यालय आने वाली सड़क के जर्जर होने के चलते दिया ज्ञापन, एटा और सिडपुरा के बीच लगभग 16 किलोमीटर दुरी बीच मे हैं सेकड़ो गड्डे, जर्जर सड़क के निर्माण की मांग को लेकर किया गया प्रदर्शन, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने लालटेन और टॉर्च लेकर सड़क को खोजा,

सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने कासगंज से एटा बॉर्डर पर ओनघाट से एटा तक की पदयात्रा, मारहरा विधानसभा की ओनघाट से एटा तक की जर्जर सड़क को बनवाने की मांग की, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने पदयात्रा के साथ-साथ सरकार और प्रशासन को जगाने का एक अनोखा तरीका निकाला, सड़क कों टॉर्च और लालटेन को लेकर को ढूंढा, सपा प्रवक्ता ने कहा प्रशासन तो सो रहा हैं, हम भी देखें आखिर ओन घाट से लेकर एटा तक का मार्ग आखिर गया, एडीएम फाइनेंस आयुष चौधरी को अब्दुल हाफिज गांधी ने सौंपा ज्ञापन,

# छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-यातायात जागरुकता माह नवम्बर 2022 के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक (अपराध) जनपद एटा के निकट पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी द्वारा यातायात कर्मचारीगण के साथ सरस्वती उ0मा0 विद्यालय जनपद एटा में अध्यापक एवं छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया

बालमुकुन्द मोटर्स पर नये वाहन खरीदनें आये वाहन स्वामियों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया तथा वाहनों के शीशों पर काली फिल्म हटायी गयी। शहर के व्यस्त चौराहों पर होर्डिंग्स् लगायीं गयी व वैनर लगाये गये 80 पोस्टर चिपकाये गये 3500 पम्पलेट वाँटी गयी एवं फेसबुक , व्हाट्सऐप, ट्विटर, एवं अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरुक किया गया एवं दैनिक चैकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले विभिन्न वाहनों के 126 ई-चालान पर 1,14,000 रुपये का जुर्माना किया गया।

# बालिका के अपहरण की सूचना पर सूरजपुर जिले की पुलिस रही अलर्ट, सूचना के फौरन बाद पूरे जिले में नाकाबंदी कर चलाया गया संघन चेकिंग अभियान

**पुलिस ने बालिका को घर के पास से किया दस्तयाब, झूठी निकली अपहरण की घटना**

रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- रविवार को चौकी बसदेई क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने चौकी में सूचना दिया कि इसकी 7 वर्षीय मौसेरी बहन इसके यहां रहकर पढ़ाई करती है, सुबह 11.30 बजे साथ में खेत-बाड़ी गई थी जहां से उसे घर जाने के लिए भेजा, घर से कुछ दूर ट्यूबवेल तक गई किन्तु वह घर नहीं पहुंची है। किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अपहरण कर ले जाने की शंका जाहिर किया। चौकी प्रभारी ने मामले की सूचना से पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू को अवगत कराया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने पूरे जिले में नाकाबंदी कर आने-जाने वालों की सघन चेकिंग करने के निर्देश देते हुए पुलिस अधिकारियों को मौके पर रवाना किया। इधर सूचना के फौरन बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी, थाना प्रभारी झिलमिली नरेन्द्र सिंह व चौकी प्रभारी बसदेई बृजेश यादव दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और बच्चे की खोजबीन प्रारंभ की। आसपास रहने वालों से गहनता से पूछताछ किया। पूरे जिले में बच्ची की सकुशल दस्तयाबी को लेकर पुलिस एलर्ट रहते हुए तत्परता से चेकिंग एवं तलाशी में लगी रही। कई घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने दोपहर करीब 2 बजे बच्ची को उसके घर से लगे झाडी के पास से दस्तयाब किया। महिला पुलिस अधिकारियों के द्वारा पूछताछ करने पर बालिका ने बताया कि वह घर के पास झाड़ी के बीच खेलते हुए सो गई थी। बच्ची को सकुशल पाकर परिजनों के चेहरे में खुशी की लहर है। इस दौरान पूरे जिले के पुलिस अधिकारियों सहित चौकी बसदेई के एएसआई लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, प्रधान आरक्षक आनंद सिंह, आरक्षक देवदत्त दुबे व अभय तिवारी सक्रिय रहे।




# ग्राम पंचायत कोल्हुआ में तेंदुआ ने घर के बाड़ी में घुसकर बकरा को बनाया अपना शिकार



रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिले के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोल्हुआ के आश्रित ग्राम बोकरा टोला में बीती रात्रि जंगली जानवर तेंदुआ ने घर के बॉडी में घुसकर 20हजार रुपए बड़ा बकरा को काटकर मौत का घाट उतार दिया ग्रामीणों द्वारा शोर गोल करने पर तेंदुआ जंगल की ओर भाग निकला इसकी जानकारी सुबह वन विभाग को दे दिया गया है वही समाचार लिखे जाने तक वन विभाग का टीम घटनास्थल पर नहीं आए था प्राप्त जानकारी के अनुसार कोल्हुआ के बोकरा टोला निवासी मेवा लाल केवट ने बताया अपने घर में लगभग 20000 का बकरा बांध के रखा था शनिवार को शाम 7-00 बजे जंगल के ओर से तेंदुआ आया और घर के बाड़ी में घुसकर जंगली जानवर तेंदुआ बकरा को पकड़ा तब बकरा आवाज देने लगा तो घरवाले जाकर देखें तो तेंदुआ था जब तक बकरे को मार डाला था ग्रामीणों ने शोरगुल करते हुए तेंदुआ को जंगल की ओर खदेड़ दिया

# चांदनी बिहार पुर क्षेत्र के बसनारा गांव में जंगली हाथी ने धान देखने गए किसान को पटका हुआ गंभीर रूप से घायल



रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- सूरजपुर जिले के चांदनी बिहार पुर क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार रात लगभग 10-00 बजे बलीराम राजवाड़े ने घर से लगे खेत में धन देखने गया हुआ था इसी दौरान उसका सामना बहरा देव नामक हाथी से हो गया जहां सूड से पटक दिया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों ने उसे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओडगी ले गए जहां से उन्हें रिफर जिला अस्पताल सूरजपुर के लिए किया गया वहां गंभीर देखते हुए आज अंबिकापुर में इलाज जारी है वहीं चांदनी बिहार पुर क्षेत्र में एक महीना से 23 जंगली हाथी डेरा जमा ऐ हुए हैं लगातार किसान का धान की खेती को खाकर चौपट कर रहे हैं लेकिन गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के अधिकारी कर्मचारी क्षेत्र से हमेशा नदारद रहते हैं ग्रामीणों ने कई बार इसका विरोध भी किया है लेकीन अंबिकापुर से कभी-कभार बिहारपुर क्षेत्र में दर्शन दिखाने के लिए आ जाते हैं कार्यालय में हमेशा ताला लटका रहता है इसके बारे में बिहारपुर रेंजर मेवालाल पटेल से बात किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि बसनारा गांव में एक किसान को जंगली हाथी पटक कर घायल कर दिया है जिसका इलाज अम्बिकापुर में चल रहा है बसनरा क्षेत्र में एक हाथी दल से अलग हो कर हाथी बहरादेव नामक घूम रहा है जहां ग्रामीणों को लगातार इसकी जानकारी दिया जा रहा है

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय ओड़गी भवन का किया गया शिलान्यास




रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- एकलव्य आवासीय विद्यालय ओड़गी के नवीन भवन का शिलान्यास ग्राम पालदनौली विकासखण्ड ओड़गी में केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री भारत सरकार एवं सरगुजा सांसद रेणुका सिंह तथा क्षेत्रीय विधायक एवं संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन पारसनाथ राजवाड़े के अतिथ्य में 12 नवम्बर 2022 को सम्पन्न हुआ। जिला सूरजपुर में 4 एकलव्य आवासीय विद्यालय संचालित हैं, जिसमे ओड़गी विकासखण्ड में 2019-20 से विद्यालय का संचालन सीबीएसई पाठ्यक्रम में किया जा रहा है। नवीन भवन के निर्माण से शासन द्वारा दी जाने वाले सुविधाओं को आदिवासी अंचल के विद्यार्थियों तक सुगमता से पहुंचाया जा सकेगा। केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह ने अपने उद्बोधन में केंद्र सरकार द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए अब तक किये गए कार्यों एवं भविष्य की योजना के बारे में बताया। उन्होए एकलव्य विद्यालय के शिक्षको, बच्चों एवं पालकों को बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ बधाई दिया। विधायक पारसनाथ राजवाड़े ने अपने उद्बोधन में राज्य शासन और केन्द्र सरकार के बीच समन्वय को जोर देते हुए शासन द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं प्रयासों के बारे में बताया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति नई दिल्ली एवं केन्द्रीय उपक्रम वाप्कोष द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंचगण तथा बड़ी संख्या में जनप्रीतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थिति थे।

ऑफर
आप यहाँ
अपना विज्ञापन
लगवाये बहुत
ही कम प्राइस
में
संपर्क करे-
9027776991

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com